ई-मेल :tolicshimla@gmail.com

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार/ Govt. of India**

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-1)**

**Town Official Language Implementation Committee, Shimla (Office-1)**

**मुख्य आयकर आयुक्त, रेलवे बोर्ड भवन, माल रोड, शिमला-171003**

O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax , Railway Board Building, Shimla.

**फा.सं. मु.आ.आ. /शिमला/1/नराकास/बैठक कार्यवृत्त/2025-26/** 377-446 **दिनांक:** 30**.04.2025**

# कार्यालय ज्ञापन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला(कार्यालय-1) की वित्त वर्ष 2024-25 की द्‍वितीय छमाही बैठक दिनांक 28.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे ऑनलाइन माध्यम (माइक्रोसॉफ्ट टीम्स) पर आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए निम्नलिखित को प्रेषित किया जाता है।

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला(कार्यालय-1) के सभी सदस्य कार्यालय को प्रेषित अनुरोध है कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई करके इस कार्यालय को अनुपालन रिपोर्ट भेजें।

2. संयुक्त निदेशक(कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, (दि.) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, तृतीय तल, त्रिकूट-।।, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम्, नई दिल्ली-110066.

भवदीया,

सुधा सिंह

**(सुधा सिंह)**

सहायक निदेशक(राजभाषा)

एवं सचिव-नराकास, शिमला।

मुख्य आय. आयु. शिमला
वरि. निजी सचिव/निजी सचिव
डायरी सं.........................

30 APR 2025

**प्रति प्रेषित:-**

श्री राजेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ निजी सचिव, कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-1) की दिनांक 28.04.2025 को आयोजित द्वितीय छमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला(कार्यालय-1) की वित्त वर्ष 2024-25 की द्वितीय छमाही बैठक दिनांक 28.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे ऑनलाइन माध्यम(माइक्रोसॉफ्ट टीम्स) पर आयोजित की गई। मुख्य आयकर आयुक्त श्री सुनील वर्मा जी नराकास, शिमला के वर्तमान अध्यक्ष हैं। सुश्री सुधा सिंह, सहायक निदेशक(राजभाषा) कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला नराकास, शिमला की समिति सचिव हैं।

बैठक का प्रारंभ समिति-सचिव, सुधा सिंह, सहायक निदेशक(राजभाषा), कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला ने किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने नराकास, शिमला के 68 सदस्य कार्यालयों से उपस्थित सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख, कार्यालय प्रमुखों की अनुपस्थिति की स्थिति में द्वितीय वरिष्ठतम अधिकारी, राजभाषा अधिकारी तथा राजभाषा कार्मिकों का अभिनंदन किया। बैठक की कार्यसूची के अनुसार बैठक प्रारंभ हुई।

❖ **कार्यसूची सं. 1. राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 पर चर्चा।**

राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 के हर एक बिंदु के संबंध में बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के साथ चर्चा की गई। वित्त वर्ष 2024-25 व 2025-26 के वार्षिक कार्यक्रम के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कार्मिकों को नए वित्त वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम में राजभाषा कार्यान्वयन के विभिन्न मदों की प्रतिशतता में वृद्धि के संबंध में स्पष्टता प्रदान की गई।

❖ **वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट व अंशदान।**

समिति सचिव ने वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट को यथाशीघ्र नराकास, शिमला मुख्यालय को भिजवाने के संबंध में सदस्य कार्यालयों को अनुरोध किया। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान नराकास, शिमला हेतु नियत बैठक के महीनों अर्थात् मई व अक्टूबर की छमाही बैठकों के दौरान पिछली वार्षिक रिपोर्ट की नितांत आवश्यकता होगी। साथ ही सदस्य कार्यालयों को वार्षिक रिपोर्ट व अंशदान संबंधी पत्र भी शीघ्र ही जारी किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान नराकास, शिमला के सदस्य कार्यालयों में से लगभग 12 सदस्य कार्यालयों ने वार्षिक अंशदान का भुगतान नहीं किया है। बैठक के दौरान ऐसे कार्यालयों को पिछले वित्त वर्ष के अंशदान का भुगतान करने का अनुरोध किया गया। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक अंशदान की प्रक्रिया भी पूर्ण करने को कहा गया, क्योंकि नराकास, शिमला की छमाही बैठकों व पत्रिका इत्यादि का संपूर्ण खर्च सदस्य कार्यालयों द्वारा भुगतान किए गए अंशदान राशि से ही संपन्न किया जाता है।

❖ **गृह पत्रिका "यात्रा"।**

नराकास, शिमला के सदस्य कार्यालयों के साथ समिति सचिव ने गृह पत्रिका "यात्रा" के आगामी 25वें अंक के प्रकाशन के संबंध में भी चर्चा की। पत्रिका हेतु लेख, कविता, कहानी, यात्रा-वृत्तांत अथवा अपने कार्यालय के संबंध में सामग्री प्रदान करने के संबंध में प्रेरणा प्रदान की।

❖ **संसदीय राजभाषा समिति द्वारा कार्यालयों का निरीक्षण।**

समिति सचिव ने संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निकट भविष्य में नराकास, शिमला के कुछ सदस्य कार्यालयों की प्रस्तावित निरीक्षण बैठक के संबंध में चर्चा की। उन्होंने निरीक्षण प्रश्नावली को सही-सही भरने के संबंध में प्रोत्साहित किया। साथ ही निरीक्षण बैठक के दौरान संसदीय राजभाषा समिति द्वारा अपेक्षित सूचनाओं व कार्यवाहियों के संबंध में भी जानकारियां प्रदान कीं।

समिति सचिव द्वारा कार्यसूची के सभी बिंदुओं पर चर्चा व विचार-विमर्श के पश्चात् बैठक के ऑनलाइन पटल पर सभी सदस्य कार्यालयों का उनकी अभिव्यक्तियों हेतु स्वागत किया गया। निकट भविष्य में जिन सदस्य कार्यालयों का संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण किया जाना है, उनमें से कई सदस्य कार्यालयों ने निरीक्षण प्रश्नावली से संबंधित कुछ प्रश्न समिति सचिव के समक्ष रखे। समिति सचिव ने अपने ज्ञान व अनुभव के आधार पर उनके प्रश्नों का हल प्रदान किया व निरीक्षण बैठक के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

तत्पश्चात् समिति-सचिव, सुधा सिंह, सहायक निदेशक(राजभाषा) ने अपनी तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया व बैठक के समापन की घोषणा की।

सुधा सिंह

**(सुधा सिंह)**
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**
**एवं सचिव, नराकास, शिमला।**